संपादकीय

खाद्य सुरक्षा बढ़ेगी गेहूं के डीएनए से

मुकुल व्यास

आनुवंशिक विज्ञान के क्षेत्र में हाल के वर्षों में हुई प्रगति के बाद वैज्ञानिक महत्वपूर्ण फसलों के जीनों का नक्शा तैयार कर रहे हैं। वैज्ञानिकों को 2002 में चावल के जीनोम अथवा डीएनए कोड पढ़ने में सफलता मिली। इसके पश्चात उन्होंने 2008 में सोयाबीन के जीनोम को पढ़ा और 2009 में वे मक्के के जीनोम को समझने में सफल रहे। अब लंबे इंतजार के बाद उन्हें गेहूं के संपूर्ण डीएनए सेट को क्रमबद्ध करने में सफलता मिल गई है। इस बड़ी उपलब्धि से गेहूं की रोग-प्रतिरोधक और विषम जलवायु को झेलने वाली किस्में विकसित करने की कोशिशों में तेजी आएगी। दुनिया की अधिकांश जनता का मुख्य भोजन गेहूं है और इसी अनाज की खेती सबसे ज्यादा होती है। मनुष्य की खुराक में मीट की तुलना में ज्यादा प्रोटीन गेहूं से मिलता है। मनुष्यों द्वारा उपभोग की जाने वाली कुल कैलोरी का पांचवां हिस्सा गेहूं से आता है।

गेहूं का डीएनए समूह अथवा जीनोम बहुत विशाल है। वैज्ञानिकों ने सबसे पहले अरेबिडोप्सिस नामक पौधे के जीनोम को क्रमबद्ध किया था। उसमें 13.5 करोड़ डीएनए अक्षर थे जबकि गेहूं के जीनोम में 16 अरब अक्षर हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि गेहूं का 3बी क्रोमोसोम अथवा गुणसूत्र सोयाबीन के संपूर्ण जीनोम से भी बड़ा है। जीनोम दरअसल जीव की समस्त आनुवंशिक सूचनाओं का सेट है, जिसमें जीव के निर्माण से लेकर उसके विकास की सारी सूचनाएं दर्ज हैं। ये सूचनाएं डीएनए से बनी होती हैं। गेहूं का जीनोम मनुष्य के जीनोम से पांच गुणा बड़ा है। लेकिन गेहूं की फसल सूखे और बाढ़ जैसी विकट मौसमीय परिस्थितियों को नहीं झेल सकती। इसके अलावा हर साल फसल का बहुत बड़ा हिस्सा वीट रस्ट जैसी बीमारियों की चपेट में आ जाता है। डीएनए सेट को क्रमबद्ध करने से गेहूं की ऐसी किस्मों का विकास तेजी से किया जा सकता है जो जलवायु की विभिन्न चुनौतियों को झेल सकें। ऐसी किस्में ज्यादा पैदावार देंगी और उनमें पौष्टिकता भी अधिक होगी। गेहूं के डीएनए सेट को सिलसिलेवार करना एक बहुत ही कठिन कार्य था क्योंकि यह विशाल होने के साथ-साथ बेहद जटिल भी है। इसमें तीन उप डीएनए सेट हैं और इसके अधिकांश हिस्से में दोहरे तत्वों की भरमार है। इसका अर्थ यह हुआ कि डीएनए सेट के अधिकांश हिस्से एक जैसे हैं। इसी वजह से अब तक प्रत्येक उप डीएनए सेट में भेद करना और संपूर्ण डीएनए सेट को सही क्रम में रखना मुश्किल हो रहा था।

दरअसल, गेहूं के जीनोम में तीन जीनोम हैं। करीब 5 लाख वर्ष पहले जंगली घास की दो प्रजातियों से गेहूं की एक संकर किस्म तैयार हुई, जिसे खापली गेहूं (इमर वीट) कहा जाता है। मनुष्य ने जब इस गेहूं को खेतों में उगाना शुरू किया तो घास की एक तीसरी प्रजाति भी उसमें शामिल हो गई। इस प्रकार गेहूं का जीनोम बहुत बड़ा हो गया।

साइंस पत्रिका में इंटरनेशनल वीट जीनोम सिक्वेंसिंग कंसोर्टियम द्वारा प्रकाशित पेपर में 20 देशों के 73 अनुसंधान संस्थानों के 200 से अधिक वैज्ञानिकों ने अपना योगदान दिया है। पेपर में गेहूं के 21 क्रोमोसोम के क्रम, 107,891 जीनों की सही लोकेशन और 40 लाख से अधिक मॉलिक्युलर मार्कर का विवरण दिया गया है। पत्रिका में ब्रिटेन के जॉन इनेज सेंटर की टीम द्वारा प्रकाशित दूसरे पेपर में यह समझाने की कोशिश की गई है कि गेहूं के जीन किस तरह गुणों को प्रभावित करते हैं।

इससे अधिक पैदावार देने वाली किस्मों को विकसित करने में मदद मिलेगी। ऐसी किस्में पर्यावरणीय परिवर्तनों को झेलने और रोगों से लड़ने में भी सफल होंगी। जॉन इनेज सेंटर के रिसर्चरों ने इससे पहले गेहूं की 'स्पीड ब्रीडिंग' तकनीक पर काम किया था। इस तकनीक के द्वारा ग्लासहाउस में प्रजनन चक्र की अवधि कम की जाती है। जॉन इनेज सेंटर में क्रॉप जेनेटिक्स में प्रोजेक्ट लीडर क्रिस्टोबल का कहना है कि अन्य फसलों के आनुवंशिक ज्ञान से महत्वपूर्ण गुणों को चुनने और उन्हें प्रजनन के द्वारा दूसरी किस्मों में हस्तांतरित करने के काम में तेजी आई है।

उन्होंने कहा कि गेहूं के जीनोम को क्रमबद्ध करने का कार्य पूरा होने से हम विशिष्ट गुणों को नियंत्रित करने वाले जीनों की पहचान तेजी से कर सकते हैं। क्रिस्टोबल ने कहा कि 2050 में दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए 60 प्रतिशत अधिक गेहूं की आवश्यकता पड़ेगी। मक्के के जीनोम को क्रमबद्ध किए जाने के बाद बेहतर किस्में तैयार करने में मदद मिली थी लेकिन इसकी तुलना में गेहूं का उत्पादन पिछड़ गया है।अब नई रिसर्च के फलस्वरूप हम गेहूं की पैदावार बढ़ाने, उच्च पौष्टिक गुणों वाले पौधे विकसित करने और जलवायु परिवर्तनों के हिसाब से खुद को ढालने वाली किस्में तैयार करने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

कार्तिक की तुलना में ऋषभ पंत बेहतर विकेटकीपर : मोहम्मद अजहर

पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि दिनेश कार्तिक की तुलना में ऋषभ पंत बेहतर विकेटकीपर है और टीम प्रबंधन को आगामी मैचों में उसे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए. अजहरुद्दीन ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''आपको पंत पर भरोसा करना होगा. अगर वह इग्लैंड में टेस्ट मैचों में विकेटकीपिंग करने में सक्षम है तो टी20 में क्यों नहीं. और इसमें कोई शक नहीं कि इंग्लैंड में उसने कार्तिक की तुलना में बेहतर कौशल दिखाया.''

हैदराबाद के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ''मैं ईमानदारी से कहता हूं कि आज ऋषभ को विकेटकीपिंग करनी चाहिए थी. अगर आप विकेटकीपर हो तो आपको विकेटकीपिंग करनी चाहिए. वह अच्छा खिलाड़ी है. उसने अच्छा प्रदर्शन किया है. वह जितनी अधिक विकेटकीपिंग करेगा उतना अधिक सीखेगा. मुझे हालांकि लगता है कि उसकी विकेटकीपिंग में काफी सुधार की जरूरत है.'' अजहर ने साथ ही कहा कि आगामी दिनों में बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव काफी प्रभावी गेंदबाज होंगे.

कार्तिक ने किया बढ़िया प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि इस पूर्व कप्तान ने रविवार को भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज के पहले मैच में बेल बजाकर मैच का शुरू कराया था. अजहरुद्दीन ने कार्तिक और पंत की तुलना तब की जब कोलकाता टी20 में पंत की जगह दिनेश कार्तिक ने विकेटकीपिंग की थी.110 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया के लिए अहम 31 रनों की नाबाद पारी भी खेली जबकि ऋषभ पंत केवल 1 रन बनाकर आउट हुए. इस मैच में दिनेश कार्तिक ने बढ़िया विकेटकीपिंग करते हुए तीन कैच भी लिए. यह पहली बार है कि वेस्टइंडीज की टीम भारत में टी20 सीरीज खेल रही है. इससे पहले दोनों देश दो सीरीज खेल चुके हैं और दोनों में ही भारत सीरीज हारा था. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी दी थी अजहर ने अपनी राय अजहरुद्दीन ने इससे पहले टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बारे में भी अपनी राय दी थी जिसमें अजहर ने शुक्रवार को कहा था कि भारत के इस दौरे में जीतने की अच्छी संभावनाएं हैं।

लक्ष्मी-गणेश की जगह चक्रमोदी की सोने व चांदी के सिक्कों पर तस्वीर

धनतेरस (2018) पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है. कुछ लोग धनतेरस पर आभूषण तो कुछ लोग लक्ष्मी-गणेश भगवान की तस्वीरों वाले सोने व चांदी के बिस्कुट और सिक्के खरीदते हैं. दिवाली के दिन लक्ष्मी-गणेश वाले सिक्कों या बिस्कुट की पूजा की जाती है. बिक्री बढ़ाने के लिए ज्वैलर्स तरह-तरह के प्रयोग करते रहते हैं. इसी कड़ी में इस बार सूरत के ज्वैलर्स ने ऐसे सोने व चांदी के बार पेश किए हैं जिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर बनी हुई है. ये बार अच्छी खासी संख्या में बिक भी रहे हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर वाले बार भी दुकान में मौजूद हैं.सहयोगी वेबसाइट जी बिज हिन्दी की खबर के मुताबिक दुकान में इस सोने के बार खरीदने वालों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए काफी कुछ किया है. ऐसे में वो भी भगवान की तरह ही हैं. ऐसे में लोग इन सोने के बार को खरीद कर इस बार उनकी पूजा भी करना चाहते हैं

टीम इंडिया ने विराट कोहली को ऐसे किया बर्थडे विश, धोनी ने खोला राज़

टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली आज अपना 30वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस मौके पर कोहली के लाखों फैंस उन्हें सोशल मीडिया के जरिए बधाई दे रहे हैं. भारतीय क्रिकेट टीम ने भी अपने कप्तान को बर्थडे की बधाई और शानदार क्रिकेट करियर की कामना की है. बीसीसीआई की ओर से जारी एक वीडियो मैसेज में टीम के खिलाड़ी अपने कप्तान को बधाइयां दे रहे हैं.सबसे पहले टीम के सबसे सीनियर खिलाड़ी एम एस धोनी ने कोहली को विश किया. धोनी ने गन टॉय हाथ में लिए कोहली के बचपन की एक तस्वीर दिखाते हुए बताया कि विराट वीडियो गेम पबजी के बड़े फैन हैं साथ ही उन्होंने कप्तान से अपील की है कि जब वो टीम के साथ जुड़ें तो मनीष पांडे को ये गेम जरूर खेलना सिखाएं. इसके बाद रवींद्र जडेजा, केदार जाधव, दिनेश कार्तिक, शिखर धवन, के एल राहुल, उमेश यादव समेत युवा युजवेंद्र चहल, खलील अहमद और क्रुणाल पंड्या ने भी कोहली को बधाई दी।

धनतेरस पर सोना खरीदने का क्या है महत्व, पढ़ें इसके पीछे की रोचक कथा

दिवाली पर धन की देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इस त्योहार में धनतेरस का बड़ा महत्व होता है। धनतेरस दिवाली के दो दिन पहले मनाया जाता है। इस साल 5 नवंबर को धनतेरस मनाया जाएगा। इस दिन अपनी पसंद की नई चीजें खरीदने का शुभ मूहूर्त पूरे दिन का है। दिवाली में पूरी रात घर और हर जगहों पर दीप जलाकर रौशनी फैलाने की और अंधेरा और बुराई दूर करने की कोशिश की जाती है। यहां आप पढ़ें इससे संबंधित जरूरी बातें..

क्या है धनतेरस-

धनतेरस का शाब्दिक अर्थ है धन और तेरा (13)। इसका मतलब है धन के लिए मनाया जाने वाला त्योहार है धनतेरस जो कार्तिक महीने के 13वें दिन होता है। परंपरा ये है कि इस दिन हिंदू सोने और चांदी और इसके अलावे बर्तनों की खरीदारी करते हैं। इतना ही नहीं बिजनेस या फिर कुछ भी नया शुभ काम करना हो तो इस दिन शुरुआत करना अच्छा माना जाता है। इस दिन घरों में दीप जलाकर यमदेव को दूर किया जाता है। कुछ लोग इस दिन जुआ भी खेलते हैं उनका मानना होता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी उनपर प्रसन्न होगी।कुछ लोगों का मानना है कि सोने और चांदी की खरीदारी ही धनतेरस का असली महत्व है। लेकिन इसका महत्व धन, सोने, चांदी और गहनों से कहीं ज्यादा है।

जब आपस में ही रेस लगाने लगे वेस्टइंडीज के ये दोनों खिलाड़ी

वेस्टइंडीज के खिलाफ ईडन गार्डन मैदान पर खेला गया टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत ने अपने नाम कर लिया। वेस्टइंडीज ने छोटे स्कोर के इस मैच में भारत को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, भारत ने वेस्टइंडीज की चुनौती से पार पाते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीड ने 109 रन का लक्ष्य दिया जिसे भारत ने 5 विकेट गंवाकर 17.5 ओवर में हासिल कर लिया। इस मैच में मेहमान टीम के बल्लेबाज शाई होप के रन आउट होने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उनके आउट होने को कई लोग फनी बता रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऐसे भी जो कह रहे हैं होप क्रिकेट पिच पर दौड़ रहे थे या रेस ट्रेक पर।

दरअसल, सलामी बल्लेबाज शाई होप बैटिंग के दौरान खलील अहमद के ओवर में हैरतअंगेज तरीके से रन आउट हो गए थे। एक छोर पर होप थे जबकि दूसरे पर शिमरोन हेटमायर।

आस्था के बरक्स

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने ईश निंदा के आरोप में मुकदमे का सामना कर रही महिला को बरी करके एक तरह से बड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। हालांकि इस फैसले के विरोध में पाकिस्तान के कई इलाकों में लोगों ने प्रदर्शन किया। मगर राहत की बात यह है कि वहां इमरान खान की नई

सरकार ने अदालत का फैसला लागू करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है और लोगों से शांत रहने की अपील की है। उन्होंने हिंसा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। सरकार का यह रुख अहम इसलिए है कि किसी भी देश में सत्ता और तंत्र को संचालित करने वाले समूह सांस्कृतिक मोर्चे पर भी नई जमीन तैयार करते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान में ईश-निंदा कानून के तहत धर्म और ईश्वर पर प्रतिकूल टिप्पणी करने के खिलाफ सख्त कानून है।

आज दिल्ली में 'पतंजलि परिधान' की लॉन्चिंग, बाबा रामदेव अब संस्कारी जींस बेचेंगे

योग गुरु बाबा रामदेव गारमेंट्स इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं. सोमवार को नई दिल्ली के नेताजी सुभाष प्लेस में पहले 'पतंजलि परिधान' शोरूम का उद्घाटन होगा. धनतेरस के खास मौके पर पतंजलि अपने गारमेंट्स बिजनेस की शुरुआत करने जा रही है.

'पतंजलि परिधान' शोरूम में 3 हजार नए प्रॉडक्ट बिकेंगे. इनमें भारतीय कपड़ों से लेकर वेस्टर्न कपड़े, एक्सेसरीज और गहनों तक की बिक्री होगी. 'परिधान' शोरूम में लिव फिट स्पोर्ट्स वीयर, एथनिक वीयर, आस्था वीमेंस वीयर और संस्कार मेंस वीयर नाम से अलग-अलग कैटगरी में कपड़े बिकेंगे. मेंस वीयर में जींस भी बिकेंगी.बाबा रामदेव ने रविवार को मीडिया से बताया कि विदेशी कंपनियों को टक्कर देने के लिए धनतेरस को 'पतंजलि परिधान' की शुरुआत



हो रही है जिसमें जींस से लेकर एथनिक वीयर और एक्सेसरीज तक मिला करेंगी. कंपनी ने अपने निमंत्रण पत्र में लिखा है 'खादी से जिस प्रकार स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई, उसी तरह 'पतंजलि परिधान' भी देश में आर्थिक आजादी की नई क्रांति शुरू करेगा क्योंकि वस्त्र सिर्फ पहनावे की चीज नहीं बल्कि हमारी पहचान, आत्म-सम्मान और आत्म-गौरव का परिचायक है, जिससे किसी कीमत पर समझौता नहीं होना चाहिए.' कंपनी का दावा है कि स्वदेशी जींस भारतीयों, खासकर महिलाओं के लिए बहुत ही आरामदेह होगी. 'परिधान' के तहत करीब 3000 प्रॉडक्ट लॉन्च होंगे. परिधान के अन्य उत्पादों में बेडशीट्स, योग वीयर, स्पोर्ट्सवीयर भी भारतीय संस्कृति से प्रेरित होंगे.पतंजलि कई क्षेत्र में अपने उत्पाद उतार चुकी है. पतंजलि के एमडी और कोफाउंडर बालकृष्ण के मुताबिक, अब 'परिधान' के तहत कंपनी मेट्रो और नॉन मेट्रो शहरों में करीब 100 स्टोर खोलेगी. नोएडा में परिधान के काम के लिए पहले ही अलग से एक टीम बना दी गई है

आज का राशिफल

मेषः आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। किसी व्यक्ति को देख आपके मन में संवेदना, प्रेम और सद्भावना जन्म ले रही है।

वृषभः आज आप कुछ ऐसे स्वार्थी व्यक्ति से टकरा सकते हैं जो आपसे बार-बार फायदा उठाता रहा है। जहां तक हो सके अपनी जमा पूंजी पर सही नियंत्रण रखें।

मिथुनः कार्यस्थल में ट्रांसफर आपके लिए एक अच्छा मोड़ लेकर आ रहा है। किसी के प्रति निष्ठा रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

कर्कः आजकल आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आ रहे हैं। अतिथि भी कुछ अधिक ही लंबा पड़ाव डालना चाहते हैं। वे आपसे मान-सम्मान के इच्छुक है।

सिंहः आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

कन्याः आज का दिन आपके कामकाज के सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी जानकार मित्र की सलाह पर बिगड़े हुए काम को ठीक कर सकते हैं।

तुलाः जहां तक हो सके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का हल निकालें। दूसरे का सहारा लेकर या शासन के बल पर कुछ कर लेने से अधिक दिनों तक प्रभाव कायम नही रहता।

वृश्चिकः व्यापार व्यवसाय की तरफ नजर रखना आपके काम की पहली प्राथमिकता है। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें।

धनुः सभी काम भगवान के भरोसे रखकर नहीं चलना चाहिए। कुछ अपनी तरफ से भी हाथ पांव मारने जरूरी हैं। ईश्वर उनकी मदद करता है**मकरः** आपके सभी कार्यों में शुरुआती दौर में काम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ेगा, जब आप इसमें अपने फायदे का इंतजार करेंगे तो काम में रूकावट पैदा हो जाएगी।

कुंभः आप जिस जगह पर कार्यरत हैं वहां पर चुप रहना ही अधिक कुशलता का सूचक है। लेकिन ऐसी जगह पर काफी लंबे सयम तक काम करना किसी के लिए भी संभव नहीं।

मीनः सुख-आराम की इच्छा सभी की होती है लेकिन यह तोहफा पहले कुछ परिश्रम करने से ही मिलता है।

अगर आप चाहते हो तेज दिमाग तो आज ही खाएं ये फल

केले का फल ऐसा फल हैं जो आसानी से कहीं पर भी मिल जाता है। केला खाना लगभग-लगभग हर किसी का अच्छा लगता है। आसानी से मिलने वाला ये केला हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। केल में विटामिन, प्रोटीन, आयरन, पोटेशियम, फाइबर, फॉलिक एसिड और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर केला हर मौसम में आसानी से मिल जाता है। केले में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व पाएं जाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। आज हम आपको केले खाने से होने वाले कुछ शारीरिक लाभों के बारें में बता रहे हैं तो आइए नजर डालिएज

दस्त में फायदेमंद : अक्सर कभी-कभी कुछ गलत खा लेने से दस्त लगने लग जाते है। ऐसे में अगर आप केले का सेवन करोंगे तो आपको दस्त में कुछ ही समय में फायदा मिलेगा।

पाचन ि या के लिए फायदेमंद : अगर आप अपनी पाचन ि या से परेशान हो तो आपके लिए केला काफी फायदेमंद हो सकता है। केले में पाया जाने वाला फाइबर पाचनतंत्र के लिए काफी फायदेमंद होता है और अगर आपका पाचनतंत्र सही रहेगा तो आपको किसी भी प्रकार की कोई बीमारी नहीं होगी।

दिमाग के लिए फायदेमंद : अगर आप तेज दिमाग चाहते हो तो आपके लिए केला काफी फायदेमंद हो सकता है। केले में पाया जाने वाला विटामिन बी 6 दिमाग के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसलिए हो सके तो रोजाना एक केला जरूर खाना चाहिए।

शरीर को ताकत देने में फायदेमंद : अगर आप प्रतिदिन केले का सेवन करते हो तो शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है।

शब्द सामर्थ्य-76

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थि सजाना, स्वभाव आ परिष्कार, शुद्ध संबंधी विशालता, बड़प्पन, महान भाव 13. अड़चन, रुक जमीन के अंदर गहरा रास्ता, अच्छे रंग का 16. मूर्ख, अहमक 17. हिसाब से 18. कृषक 19. ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 79 का ह

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही
मा	■	खू	ब	■	दू	र
ना	दा	न	■	सा	ग	■
■	न	ख	■	त	र	ल
■	वी	रा	न	■	■	च
■	र	ब	■	आ	ज	क
■	■	■	आ	ग	■	दा
■	अ	ग	र	म	ग	र
भा	भी	■	ती	न	■	■

सू-दोकू-75

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.79 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6